### राष्ट्रीय पर्व भी नहीं बचा सियासत से, नपाध्यक्ष सवालों के घेरे पर, कार्रवाई को लेकर अधिकारी असमंजस में

# नपाध्यक्ष पर तानाशाही रवैये का आरोप गणतंत्र दिवस पर भी हावी हुई राजनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

जहां एक ओर पूरा देश गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मना रहा था, वहीं छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका परिषद दमुआ में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर प्रोटोकॉल की खुली अवहेलना सामने आई है। ध्वजारोहण को लेकर हुए इस विवाद ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली और आंतरिक राजनीति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर तय प्रोटोकॉल के तहत चिल्ड्रन पार्क में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश कश्यप को ध्वजारोहण करना था, लेकिन आरोप है कि नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर ने जबरन ध्वजारोहण कर दिया, जिससे प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ और उपाध्यक्ष व भाजपा पार्षदों के मान-सम्मान को ठेस पहुंची।



फाइल फोटो

### हिटलरशाही रवैये के आरोप

नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश कश्यप एवं भाजपा पार्षदों ने अध्यक्ष किरण खातरकर पर तानाशाही और हिटलरशाही रवैया अपनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्षदों का कहना है कि अध्यक्ष द्वारा लगातार भाजपा पार्षदों को अपमानित किया जाता है और नगर पालिका के सीएमओ व कर्मचारियों पर दबाव बनाकर भाजपा वार्डों में कार्य न करने के निर्देश दिए जाते हैं, जिससे कर्मचारी भी मानसिक रूप से परेशान हैं।

### पार्टी और प्रशासन से शिकायत

इस पूरे मामले को लेकर उपाध्यक्ष एवं भाजपा पार्षदों ने जिला अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत कर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। संगठनों ने स्पष्ट किया है कि यदि इस तरह के रवैये पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो पार्टी संगठन में भी इसका गंभीर संदेश जाएगा।

### लोकायुक्त कार्रवाई के संकेत

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिना श्रम किए परिवार की फर्जी आईडी बनाकर खातों में भुगतान किए जाने के मामले में भी जांच की आंच तेज हो सकती है और लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा।

### अधिकारियों का बयान

इस मामले पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय ठाकरे ने कहा ध्वजारोहण को लेकर जो गाइडलाइन तैयार की गई थी, उसके अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। यदि राष्ट्रीय पर्व के प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ है तो उच्च अधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।"

### उपाध्यक्ष का दर्द

नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश कश्यप बबुआ ने कहा कि आज राष्ट्रीय पर्व पर मुझे ध्वजारोहण करना था, लेकिन अध्यक्ष द्वारा जबरन ध्वजारोहण किया गया, जिससे मेरे मान-सम्मान को ठेस पहुंची है। मैं भाजपा के उच्च पदाधिकारियों से निवेदन करता हूं कि इस विषय पर गंभीरता से विचार कर कार्रवाई करें। यदि मेरे सम्मान के साथ लगातार खिलवाड़ होता रहा और कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो मुझे भी आगे कोई कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा। राष्ट्रीय पर्व जैसे संवेदनशील अवसर पर सामने आया यह विवाद अब राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब सभी की नजरें पार्टी नेतृत्व और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

### प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर संभावित कार्यवाही की जा सकती है

विशेषज्ञों के अनुसार प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर प्रशासनिक कार्रवाई की गाज गिर सकती है। राष्ट्रीय पर्व तय ध्वजारोहण प्रोटोकॉल का उल्लंघन सरकारी आदेश की अवहेलना माना जाता है। जिस पर कलेक्टर और संभाग आयुक्त कारण बताओ नोटिस या चेतावनी जारी कर सकते है। मुख्यतः इसमें सीएमओ की रिपोर्ट और शिकायत मुख्य रूप से आधार होती है। जबकि नगर पालिका अधिनियम के तहत अधिकारों का दुरूपयोग, उपाध्यक्ष, पार्षदों का अपमान, जानबूझकर नियमों को तोड़ना राज्य शासन के जांच के अधिकार क्षेत्र का विषय है। अगर विभागीय कार्यवाही की जाए तो अध्यक्ष का अधिकार अस्थायी रूप से सीमित किए जा सकते है। गंभीर स्थिति में अध्यक्ष पद से हटाने तक की प्रक्रिया की जा सकती है। मामला चूंकि भाजपा के निर्वाचित प्रतिनिधियों से जुड़ा है इसलिए जिलाअध्यक्ष प्रदेश संगठन और अनुशासन समिति में मामला जा सकता है। पार्टी में अनुशासन भंग करना गंभीर अपराध माना जाता है।

नगरपालिका दमुआ में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और भाजपा के पार्षदों के बीच में ही खींचातानी का खेल निरंतर चल रहा है। जिसके कारण नगर पालिका दमुआ के विकास की गति को अवरोधित किया जा रहा है। भाजपा के संगठनात्मक अधिकारी इस पूरी लॉबी पर समन्वय बनाने में नाकामयाब रही है। नगरपालिका अध्यक्ष पर समय समय पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाते रहे हैं, परंतु जांच के नाम पर अभी तक कुछ विशेष नहीं किया गया है। अधिकारी भी सत्तासीन भाजपा के पदाधिकारियों से दबाव में रहने के कारण नपाध्यक्ष सीएमओ और कर्मचारियों पर दबाव कायम रखती है और गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण जैसे मुद्दे पर मनमानी और प्रोटोकॉल का उल्लंघन जैसी कार्यशैली ने यह साबित कर दिया है कि नपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बीच में चल रही यह खींचतान दमुआ के विकास में रोडा बन रही है।

### करांटे चैंपियन प्राची और दोस्त जयेश की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

# पिता को बताया था 10 मिनट में लौटूंगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज 29 जनवरी की सुबह लगभग 8 बजे ग्राम तिगांव के आगे मोही घाटी में हुए भीषण सड़क हादसे में कराटे चैंपियन प्राची (13) और उसके मित्र जयेश (17) की मौके पर ही दुखद मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे पांढुर्णा नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राची बिसेंदरे, पिता राजेश बिसेंदरे, निवासी गायत्री कॉलोनी पांढुर्णा, कक्षा 8वीं की छात्रा थी।

वह हाल ही में दिल्ली में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी थी। 26 दिसंबर 2025 को आयोजित इस प्रतियोगिता में प्राची ने शानदार प्रदर्शन कर पांढुर्णा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया था। बताया जा रहा है कि प्राची अपने मित्र जयेश गोलाइत (17), निवासी 11 खोली पांढुर्णा, के साथ टीवीएस अपाचे बाइक से मोही घाट परिसर में सैर करने गई थी। पुलिस के अनुसार बाइक की गति अत्यधिक तेज थी। मोही घाटी के पास बाइक अनियंत्रित होकर लोहे की रैलिंग से जा टकराई, जिससे दोनों युवक-युवती उछलकर सड़क पर गिर पड़े और काफी दूर तक घसीटते चले गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के पिता राजेश बिसेंदरे ने बताया कि प्राची ने घर से निकलते समय उनसे कहा था कि वह मात्र 10 मिनट में वापस लौट आएगी, लेकिन किसी को क्या पता था कि यह उसकी आखिरी बात होगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इधर, दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। नगर के खेल प्रेमियों, शिक्षकों और नागरिकों ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कम उम्र में एक होनहार खिलाड़ी और एक युवक की असमय मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

# गाजर का हलवा बना ज़हर, 11 गंभीर

### 11 लोगों की तबीयत बिगड़ी, छह को किया जिला अस्पताल रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा क्षेत्र में गाजर का हलवा खाने के बाद 11 लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सभी पीड़ितों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य की स्थिति सामान्य है।प्राथमिक जानकारी के अनुसार सभी लोगों ने एक ही स्थान पर गाजर का हलवा सेवन किया था, जिसके कुछ ही समय बाद उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया।सभी पीड़ितों को जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों की निगरानी में गंभीर मरीज को विशेष उपचार दिया जा रहा है।फिलहाल फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हलवे के सैंपल जांच के लिए भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जांच रिपोर्ट आने तक संदिग्ध खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें।घटना के बाद क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# नर्सिंग अधिकारियों की वेतनवृद्धि रोके जाने के आदेश

**छिंदवाड़ा।** जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में दिनांक 11 जनवरी 2026 को उपचार के दौरान मेडिकल वार्ड में भर्ती दो मरीज — चैतू धुर्वे एवं इंद्रा बाई पति सूरजलाल — की मृत्यु के प्रकरण में गठित जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा द्वारा वरिष्ठ चिकित्सकों का जांच दल गठित किया गया था, जिसने दिनांक 13 जनवरी 2026 को विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उक्त प्रतिवेदन का परीक्षण कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा किया गया। जांच प्रतिवेदन के प्रमुख तथ्य- जांच प्रतिवेदन में यह तथ्य प्रकाश में आया कि रात्रिकालीन एवं आपातकालीन समय में चिकित्सकीय ड्यूटी व्यवस्था, ऑन-कॉल प्रणाली, मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के पालन तथा विशेषज्ञ चिकित्सकीय समन्वय में अपेक्षित स्तर पर व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो सकी, जिसके कारण मरीजों को समय पर आवश्यक विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध नहीं हो पाया। वरिष्ठ चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्ताव- डॉ.एम.पी. यादव, वरिष्ठ चिकित्सक एवं मेडिसिन विशेषज्ञ (ऑन-कॉल) द्वारा ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप उपचार व्यवस्था में समन्वय सुनिश्चित नहीं किया गया। जांच प्रतिवेदन के अनुसार विशेषज्ञ स्तर के उपचार में विलंब की स्थिति निर्मित हुई। उक्त कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के विपरीत मानते हुए कलेक्टर श्री नारायन द्वारा उनके विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-10 के अंतर्गत एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने का प्रस्ताव आयुक्त, जबलपुर संभाग को प्रेषित किया गया है।

### 31 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन

**छिंदवाड़ा।** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, चंदन गांव उपनगर, छिंदवाड़ा द्वारा दिनांक 31 जनवरी को महाजन लॉन टू नागपुर रोड, छिंदवाड़ा में एक भव्य एवं विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगा।इस भव्य सम्मेलन में संत समाज से संत श्री नागेंद्र ब्रह्मचारी जी का उद्बोधन उपस्थित जन मानस एवं समाज को प्राप्त होगा।हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना जागृत करना, भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना तथा युवाओं को संस्कारवान जीवन की दिशा प्रदान करना है। सम्मेलन प्रातः 11 बजे प्रारंभ होकर ,कन्या पूजन, गौमाता पूजन, भूमि के पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो से होगा । सम्मेलन हेतु विभिन्न क्षेत्रों से कलश यात्रा ,सम्मेलन स्थल पर पहुंचेंगी। आयोजन समिति ने नगर एवं आसपास के सभी सनातन धर्मावलंबियों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है। सम्मेलन के समापन के पश्चात समरसता भोज की व्यवस्था रहेगी।

### नगर में निकली पालकी यात्रा,रिंगण में उमड़े भक्तगण

**सौंसर।** अखंड हरी नाम सप्ताह समिति सौसर की ओर से आयोजित अखंड हरी नाम सप्ताह में गुरुवार को पालकी मिरुनुक एवं रिंगन सोडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया,आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार नगर के



महात्मा ज्योतिबा फूले सभागृह में 23 जनवरी से अखंड हरिनाम सप्ताह का कलश स्थापना के साथ में शुभारंभ किया गया था, शुभारंभ अवसर पर हब पर रेखा ताई कंटक एवं यजमान के रूप में प्रकाश घटोत श्रीमती भारती घाटोड थे,सप्ताह भर चले आयोजन में प्रतिदिन काकडा भजन महिला भजन श्रीमद् भागवत महापुराण कथा हरिपाठ हरी कीर्तन आदि का आयोजन होता रहा है,श्रीमद् भागवत कथा वाचक भागवत आचार्य विवेक महाराज गडके के द्वारा प्रतिदिन भगवान की विभिन्न लीलाओं का अपने मुखारविंद से वर्णन किया जा रहा था,कथा समापन अवसर पर श्री गाडगे महाराज ने कहा मनुष्य का जीवन नश्वर है, मनुष्य जो अच्छे कर्म करता है वही उसके मुसीबत के समय में काम आते हैं मनुष्य ने हमेशा सत्य और दूसरों की मदद के लिए कार्य करना चाहिए तभी मानव जीवन का कल्याण हो सकता है। गुरुवार को नगर में विशाल पालकी यात्रा निकाली गई जो कि नगर भ्रमण करते हुए रिंगन महोत्सव के रूप में संपन्न हुई, नगर में निकली पालकी यात्रा का जगह-जगह पर फूलों का वर्षाव कर स्वागत सत्कार किया गया, शुक्रवार को महाप्रसाद वितरण के साथ में आयोजन का समापन होंगा।

### 31 जनवरी को होगा मप्र बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

मध्य प्रदेश में फिटनेस और बॉडीबिल्डिंग खेलों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से 31 जनवरी को मध्य प्रदेश बॉडीबिल्डिंग मेन फिजिक एवं बॉडीबिल्डिंग क्लासिक चैंपियनशिप का भव्य आयोजन जिला बॉडीबिल्डिंग एवं स्पोर्ट्स फिजिक एसोसिएशन के तत्वाधान में फिटनेस फर्स्ट फैमिली जिम के संचालक सिद्धार्थ मुखर्जी द्वारा किया जा रहा है ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बंटी साहू (सांसद छिंदवाड़ा पांढुर्णा) एवं विशेष अतिथि श्रीमती ज्योति डेहरिया विनोद मालवीय एवं बल्लू नागी रहेंगे ।जिला बॉडीबिल्डिंग एवं स्पोर्ट्स फिजिक एसोसिएशन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप 31 जनवरी को श्री राम मंदिर प्रांगण परासिया में आयोजित की जाएगी ।एसोसिएशन के सचिव विक्रांत अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया , कि प्रदेश के लगभग 20 जिलों से 200 से अधिक खिलाड़ी अपनी शानदार फिटनेस, ताकत एवं तकनीक का प्रदर्शन करेंगे।आयोजक सिद्धार्थ मुखर्जी F3 जिम के संचालक द्वारा खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तर की सुविधाओं, सुरक्षित मंच, और बेहतरीन व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

# हिन्दू सम्मेलन में लोगों में दिखा उत्साह

### सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, धर्मप्रेमी प्रबुद्धजन एवं जनप्रतिनिधिगण रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



हिंदु समाज के संगठन दिया गया संदेश कुंडा ग्राम के खेल मैदान में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, धर्मप्रेमी प्रबुद्धजन एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ गौ पूजन तथा मिट्टी पूजन के साथ किया गया। इसके बाद भव्य कलश यात्रा ग्राम के मुख्य मार्ग से निकाली गई।कार्यक्रम में चित्रकूट से दीक्षित प्रसिद्ध कथा वाचक एवं धर्म गुरु साक्षी देवी जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

साक्षी देवी ने हिंदुओं को संगठित रहकर देश के विकास में अग्रणी रहने का संदेश दिया। बालिकाओं को संयमित आचरण और पूर्वजों की परंपरा का निर्वहन करने का मार्ग भी सुझाया। कार्यक्रम में पधारे प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ समाज सेवक श्रीमान रवि शंकर जी कहार ने पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया साथ ही नागरिकों से अपने कर्तव्यों के प्रति भी सचेत रहने का आग्रह किया। श्रीमती विनीता चौरसिया जी ने सनातन संस्कृति की संरक्षक मातृशक्तियों को सदैव सजग रहने एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने के लिए भी प्रेरित किया।

सभी वक्ताओं ने धर्म, संस्कृति एवं वैदिक जीवन मूल्यों पर ओजस्वी और प्रेरणादायी उद्बोधन दिया और सनातन धर्म की महत्ता, संस्कारों की आवश्यकता और समाज में नैतिक मूल्यों के संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने, धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए सतत प्रयास करने का आह्वान किया।

सम्मेलन का वातावरण श्रद्धा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा। उपस्थित जनसमूह ने वक्ताओं के विचारों का तालियों के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन स्थानीय आयोजन समिति एवं सहयोगी संगठनों के सामूहिक प्रयास से संपन्न हुआ।

# दुव्यर्वहार के चलते विरोधी टीम को दी गई जीत

### जामई की टीम ने 14.4 ओवर में 4 विकेट खोकर पूरा किया टारगेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बड़कुही में जारी केरीऑन क्रिकेट कप टूर्नामेंट में एक टीम को खेलने के दौरान मिस बीहेव करना मेहंगा पड़ गया । अंपायर और टूर्नामेंट कमेटी ने विरोधी टीम को जीत दे दी ।केरीऑन कप क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को पहला मुकाबला टाइम्स स्पोर्ट्स अकादमी और न्यू इलेवन छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया । जिसमें टाइम्स स्पोर्ट्स अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 180 रन बनाये । जिसमें की 180 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू 11 छिंदवाड़ा ने बल्लेबाजी करते समय अंपायर के साथ मिस बिहेव किया । जिसके चलते अंपायर और टूर्नामेंट कमेटी के सदस्यों ने निर्णय निर्णय लेते हुए टाइम्स स्पोर्ट्स अकैडमी की जीत घोषित की । दूसरा मैच जो जीबी आईटी वॉरियर्स और एकता जामई के मध्य खेला गया । जिसमें जीबी आईटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । टीम ने 19.5 ओवर में 152 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । एकता जामई को 153 रनों का लक्ष्य मिला । यह टारगेट जामई की टीम ने 14.4 ओवर में 4 विकेट खोकर पूरा किया और इस मुकाबले में अपनी जीत दर्ज की । टीम के शुभम सोमकुंवर ने 44 रनों की पारी खेलकर एकता जामई की जीत प्रशस्त की । इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुभाष पटेल जिन्होंने 21 रन बनाकर गेंदबाजी में 4 ओवरों में 28 रन देकर 3 विकेट हासिल किए ।

### दिन में रेत के वाहन निकालकर रेत चोरों ने दिखाया रसूख

# राज्यपाल के प्रोटोकॉल में आए जिला प्रशासन की मौजूदगी में निकली चोरी की रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



रेत के अवैद्य उत्खनन पर रोक लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने टास्क फोर्स टीम का गठन किया था, वहीं कलेक्टर राजस्व विभाग के तहसीलदार, एसडीएम के अलावा मूल विभाग खनिज विभाग के अधिकारी को भी रेत की चोरी पर कार्रवाई करने निर्देश दिए थे, लेकिन ना तो तामिया में टास्क फोर्स नजर आई और ना ही खनिज विभाग ना राजस्व को दिए गये सारे आदेश निर्देश सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित रहे, उसी का नतीजा है कि तामिया तहसील में स्थानीय अधिकारियों के संरक्षण में रेत का अवैध उत्खनन वर्षों से होता चला रहा है। क्षेत्र में चर्चा है कि रेत चोरों द्वारा दी जाने वाली मंथली के दम पर रात के बजाय दिन के उजाले में रेत के ओवरलोड वाहन चोरी की रेत लेकर निकल रहे है। सारे अधिकारी जानते बूझते हुए भी कार्रवाई करने को राजी नहीं है। क्योंकि ली जाने वाली मंथली के आगे अधिकारी कार्रवाई करने में अपने आप को लाचार ही साबित कर रहे हैं,लेकिन जब मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रात्रि विश्राम तामिया में किए हो और सारा जिला प्रशासन तामिया में मौजूद हो, तब रेत चोरी के वाहन दिन के उजाले में निकले तो इससे रेत चोरों का रसूख अधिकारियों की मेहरबानी के कारण साफ दिखता है। ऐसा ही नजारा आज सुबह ट्रैक्टर टिप्पर ट्रक रेत से भरे निकालना उनका रसूख एवं अधिकारियों की लाचारी ही समझी जा सकती है। महामहिम राज्यपाल के तामिया विश्राम एवं जिला प्रशासन पुलिस विभाग सहित जिले के सभी अधिकारी मौजूद हो बावजूद उसके बाद दिन के उजाले में रेत निकले इससे बड़ी शर्मनाक बात रेत चोरी पकड़ने वाले विभागों के लिए कुछ नहीं हो सकती। इस तरह महामहिम राज्यपाल के तामिया में विश्राम के बावजूद रेत वालों ने अपना रसूख शासन प्रशासन को बतला दिया कि यदि अधिकारियों को जांच करना हो तो तामिया में मुख्य मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरो में रेत के वाहन कितने समय निकले देखे जा सकते हैं। खनिज निरीक्षक का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर 7723072899 पर संपर्क किया गया परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इसलिए उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

### हाई स्कूल दीघावानी में लगा कैरियर मेला



**परासिया** :- परासिया विकासखंड के दिघावानी में स्तिथ शासकीय हाई स्कूल में गुरुवार को कैरियर मेले का आयोजन किया गया । छात्रों की कैरियर कौंसिलिंग की गई । मेले में इंडियन बैंक के प्रबंधक श्री मेश्राम ने छात्र - छात्राओं को बैंकिंग क्षेत्र में कैरियर बनाने एवं बैंकिंग कार्यप्रणाली पर व्याख्यान दिया । वहीं इंडियन बैंक के दीपांशु कदम के द्वारा मार्गदर्शन किया गया । इस कार्यक्रम में शाला की शिक्षिका वर्षा बरखानिया , प्राची जैन , शबाना गौरी , स्नेहा डेहरिया , शिक्षक सोहनलाल लहरिया , संजय उइके , रूपवती नवरेती , ममता तेकाम , सरिता चौरसिया उपस्थित रहे ।

## तीन दिन में कार्रवाई नहीं तो जिला मुख्यालय पर होगा बड़ा आंदोलन

# गुजरी बाजार से गौ-माता की चोरी और गौ-मांस तस्करी पर भड़का हिंदू समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



नगर में तस्करी से गौ-मांस लानेवाले आरोपियों की गिरफ्तारी और इसके 2 दिन बाद ही श्रीराम मंदिर के समीप स्थित श्रीराम मार्केट, गुजरी बाजार से रात्रि में बर्बरता पूर्वक गौ-माता को कार में भरकर चोरी किए जाने की घटना ने पूरे जिले के हिंदू समाज को आक्रोशित कर दिया है। जिला मुख्यालय होने के बावजूद लगातार सामने आ रही गौ-तस्करी और गौ-मांस तस्करी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। हिंदू संगठनों का कहना है कि पांढुर्णा जिला मुख्यालय है, जहां वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी बड़ी संख्या में तैनात रहते हैं। रात्रि गश्त के नाम पर पुलिस वाहन सड़कों पर दौड़ते दिखाई देते हैं, लेकिन इसके बावजूद तड़के सुबह 3 बजे के बाद बहुसंख्यक समाज की बस्ती के बीच से गौ-माता को बेदर्दी से वाहन में भरकर ले जाया जाना कानून-व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है।

इसी आक्रोश के चलते बुधवार शाम विशाल जामसावली पदयात्रा समिति के तत्वावधान में सकल हिंदू समाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा पदाधिकारी, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय हिंदू सेना सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में उपस्थित न होने पर थाना प्रभारी अजय मरकाम को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में हिंदू समाज ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले में तीन दिवस के भीतर कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो जिला मुख्यालय पर पूरे दिन का विशाल आंदोलन किया जाएगा। संगठनों ने प्रशासन से गोवंश की सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की है। हिंदू समाज का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## सौंसर कार्यालय में जिला कार्यशाला संपन्न




**सौंसर।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के सौसर कार्यालय में 'रोजगार फॉर गारंटी ग्रामीण आजीविका मिशन' जी राम के अंतर्गत जिला कार्यशाला एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने की, मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी मनरेगा योजना के स्थान पर 'जी-राम' (रोजगार फॉर गारंटी ग्रामीण आजीविका मिशन अधिनियम) लागू कर देश के किसानों और मजदूरों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल देगी।भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि 'जी-राम' योजना मजदूरों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि चौपालों के माध्यम से आम जनता को इस योजना की बारीकियों और लाभों से अवगत कराएं। जिला संयोजक कृष्णकुमार डोबले एवं सह-संयोजक आनंद ठाकरे ने भी कार्यशाला में योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यशाला में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, मोरेश्वर मर्सकोले, सौसर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, बाल्या गायकवाड़सौसर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, मोहगांव नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप घाटोडे, राहुल मोहोड,अज्जु ठाकुर, पार्षद एडवोकेट रवी शंकर धुर्वे, श्रीमती उषा भमोरे,सदन साहू, राजू पवार,रवि फरकसे, दीपक कामड़े उपस्थित थे।

## हनुमान लोक में विकास कार्यों को मिली गतिः अध्यक्ष गोपाल शर्मा



**सौंसर।** विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक), जामसांवली धाम में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार हेतु गुरुवार को विकास कार्यों की एक नई श्रृंखला का शुभारंभ हुआ। संस्थान के वरिष्ठ ट्रस्टी विठ्ठल राव डवरे के करकमलों से सभामंडप के मुख्य द्वार एवं भक्त निवास-3 में लिफ्ट स्थापना कार्य का भूमिपूजन विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। विगत कई वर्षों से सभामंडप का निर्माण कार्य अपूर्ण रहने के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन में असुविधा हो रही थी। भक्तों की इस समस्या को देखते हुए मंदिर संस्थान ने आगामी हनुमान जन्मोत्सव से पूर्व इसे पूर्ण करने का संकल्प लिया है। निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर गति दी जा रही है ताकि पर्व के दौरान जुटने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन प्राप्त हो सकें।वृद्धों और दिव्यांगों के लिए आधुनिक सुविधादूर-दराज से आने वाले वृद्ध एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भक्त निवास-3 में लिफ्ट लगाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इससे ठहरने वाले यात्रियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।इस अवसर पर संस्थान उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकर, ट्रस्टीगण,अजय धवले,रामराव डवरे, पांडुरंग बोबडे,मोहन ताजने, दिलीप बत्रा, राजू बाविस्टाले, सुशील माहेश्वरी, संस्थान के सीईओ वीरेंद्र भट्ट कमलेश तिवारी आदि उपस्थित रहे। हनुमान लोक अध्यक्ष गोपाल शर्माहनुमान लोक की परिकल्पना के अनुरूप जामसांवली धाम को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हमारा मुख्य ध्येय श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति के साथ उत्कृष्ट सुविधाएं देना है।

# 77 वे गणतंत्र दिवस सामूहिक समारोह में स्कूली प्रतिभाओं का दिखा जलवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के 77 वी वर्षगांठ पर चिल्ड्रन पार्क पर आयोजित सामूहिक गणतंत्र दिवस समारोह में निकाय क्षेत्र के स्कूली प्रतिभाओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शक दीर्घा का दिल जीत लिया । सामूहिक समारोह में नपा क्षेत्र के 18 शैक्षणिक संस्थाओं के स्कूली बच्चों ने देशभक्ति के तरानों से लेकर सामाजिक कुरीतियों पर पैने वार करती प्रस्तुतियां दी वही लोक संस्कृति के रंगों से देश की अनेकता में एकता का संदेश दिया ।आयोजक निकाय प्रशासन ने मंचीय प्रस्तुतियों को प्री प्राइमरी । माध्यमिक हाई स्कूल हायर सेकेंडरी और महाविद्यालयीन स्तर पर विभाजित कर रखा था ।

सभी स्तर पर प्रतिभागियों ने एकल सामूहिक नृत्य नृत्य नाटिका और नाटक से दर्शकों को प्रभावित किया और सार्थक संदेश भी दिया ।महाविद्यालयीन बच्चों ने प्रभारी राजकुमार कुशवाह के निर्देशन में नशामुक्ति पर नाटक का मंचन किया तो कन्हान वैली के बच्चों नेआर पी भट्ट के नेतृत्व नाटक से कौमी एकता का संदेश दिया । नाटक से प्रभावित मंच संचालक रविकांत पाठक को अंततः यह कहना पड़ा - ₹ किस से सीखू मैं ,ख़ुदा की बंदगी , सब लोग ख़ुदा बंटवारा किए बैठे है।जो लोग कहते है ,कण कण में है ख़ुदा ,वही मंदिर मस्जिद चर्च गुरुद्वारा बनाए बैठे है ।

कन्या हाई स्कूल कालीछापर की छात्राओं ने सपना चौधरी के नेतृत्व में मेरे देश की धरती सोना उगले से देश भक्ति जगाई तो सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से बताया कि हमारा देश स्वर्ग से भी सुंदर है । अशासकीय संस्था एलबीएस नंदन के बच्चों ने ₹पापा कहते है बड़ा नाम करेगा₹ के जरिए आज की पीढ़ी के बच्चों और उनके पालकों के बीच कम्युनिकेशन गैप और उसके घातक प्रभाव को गजब तरीके से प्रस्तुत किया ।

मंचीय प्रस्तुतियों ने नंदन हायर सेकेंडरी के बच्चों ने कन्या भ्रूण हत्या पर प्रभावी नृत्य नाटिका पेश की जिसे दर्शकों ने खूब सराहा ।दमुआ में सामूहिक गणतंत्र दिवस मनाने की शुरुआत पहली निर्वाचित परिषद गठन के साथ हुई थी । तभी से इस सामूहिक गणतंत्र दिवस समारोह में क्षेत्र के शासकीय और अशासकीय शिक्षण संस्थाओ के बच्चे यहाँ ध्वजारोहण के साथ मार्च पास्ट कर सलामी देते है ।

# 56 दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक और शारीरिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनपद शिक्षा केन्द्र सौसर में भव्य 'दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर' का आयोजन किया गया। इस शिविर में 56 दिव्यांग बच्चों को आधुनिक सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिससे उनके आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नाना मोहोड़ रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, ₹दिव्यांग बच्चे समाज की अनमोल धरोहर हैं। शासन और शिक्षा विभाग का लक्ष्य इन बच्चों के जीवन की बाधाओं को दूर कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। ऐसे शिविर बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य करते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे, शामराव धवले ने कहा कि प्रत्येक दिव्यांग बच्चे तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है।शिविर में जबलपुर से आई विशेषज्ञ टीम की मौजूदगी में बच्चों की आवश्यकता के अनुसार निम्नलिखित उपकरण वितरित किए है जिंसमे ट्राई साइकिलः 01 व्हील चेयरः 10 टीएलएम आईडी किटः 37,रौलेटरः 19कान की मशीनः 06,कैलिपर्सः 15 शामिल है। विशेषज्ञों ने पालकों को इन उपकरणों के सही रख-रखाव की ट्रेनिंग भी दी।सफल आयोजन में इनका रहा योगदानकार्यक्रम का सफल संचालन जनशिक्षक विजय मोहोड़ ने किया।

## ग्राम विकास जन एवं जन जागरण एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**दमुआ।** ग्राम विकास जन एवं जन जागरण एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को संस्था के कार्यालय, वार्ड क्रमांक-08, दमुआ में संपन्न हुई। बैठक में आगामी सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक का मुख्य एजेंडा फरवरी माह में आयोजित किए जाने वाले रक्तदान (ब्लड डोनेशन) शिविर को लेकर रहा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह रक्तदान शिविर डुंगरिया पनारा, गांधी चौक में आयोजित किया जाएगा।इसके अतिरिक्त बैठक में आने वाले समय में खेल प्रतियोगिताओं, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता शिविरों के आयोजन, तथा ज्वार विकासखंड क्षेत्र में हो रहे पलायन को रोकने हेतु स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन पर भी चर्चा की गई। इसके अंतर्गत लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना, औषधीय पौधों की खेती, तथा किसानों को औषधीय पौधों के रोपण एवं खेती के प्रति जागरूक करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, रवि किरण याढव, एहतेशाम उद्दीन सिद्दीकी, प्रशांत चरेलगार, जाकिर अंसारी, मोहम्मद अंसार, अजय, अशोक, प्रदीप , काशीदाग कफालके, मोहम्मद जाफिर, शकील शेख, राहुल यादव, बृज किशोर बावरिया,सतीश गौतम,संस्कार कोशीक, अबरार खान, वीरेंद्र मौर्य सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# विराट हिन्दू सम्मेलन में जरूर उपस्थित हो :डॉ. नीरज अरोरा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सकल हिन्दू समाज वारासिवनी द्वारा 1 फरवरी को रानी अवंतीबाई स्टेडियम वारासिवनी में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर हिन्दू समाज की विभिन्न जातियों व विभिन्न संगठनों के प्रमुखों द्वारा लगातार हिन्दू समाज के लोगों से इस हिन्दू सम्मेलन में भाग लेने की अपील की जा रही है।

इसी क्रम में भारत तिब्बत समन्वय संघ के महाकौशल प्रांताध्यक्ष डॉ नीरज अरोरा ने सकल हिन्दू समाज से आव्हान किया है कि 01 फरवरी 2026 को रानी अंवती बाई स्टेडियम में होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन में उपस्थित होकर अपने धर्म के प्रति आस्था प्रकट करे साथ ही हिन्दू एकता का परिचय दे। उन्होंने बताया कि एक फरवरी को दोपहर साढ़े 12 बजे से भव्य कलश व शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जो संपूर्ण वारासिवनी नगर का भ्रमण करने के बाद दशहरा मैदान रानी अवंतीबाई स्टेडियम पहुँचेगी। जहाँ पर विराट हिन्दू सम्मेलन होगा। जिसे पूज्य श्रीमद् जगद्गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य महाराज व राष्ट्रकवि सुमित ओरछा के साथ ही अन्य वक्ताओं द्वारा संबोधित किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा हिन्दू सनातन धर्म सबसे पुरातन है और शाश्वत है, हमारे वेद एवं धर्म ग्रंथ आधुनिक विज्ञान के जनक है। इन पर ही अनुसंधान कर के विश्व नई तकनीको का अविष्कार कर रहा है। अतअपने बहुमूल्य समय में से कुछ समय निकाल कर इस विराट हिन्दू सम्मेलन में अवश्य उपस्थित हो।

इस विराट हिन्दू सम्मेलन में शामिल होने का आव्हान डॉ नीरज अरोरा, प्रदीप श्रीवास्तव, राकेश सोनी, लोकचंद ठाकरे, मधु अग्रवाल, शरद आड़े, अधिवक्ता संतोष चौहान ने किया है।

## निर्माण कार्य शुरू होने से खिल उठे ग्रामीणों के चेहरे

# उकवा मे नवनिर्वाचित सरपंच ने किया नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा मे 29 जनवरी 2026 को 15 वां वित्त योजना के अंतर्गत आरसीसी नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों के द्वारा किया गया किया गया जिसमें सबसे पहले वार्ड क्रमांक 09 में सुखदास के घर से रामवती उईके के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती रामबती उईके के द्वारा किया गया जिसकी स्वीकृत राशि 4.03 लाख है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 07 में प्रभा चौकसे के घर से शंकर कबाड़ी के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया 15वां वित्त योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि 6.34 लाख बताई गई। उसके बाद ग्राम पानी टोला में 15 वाँ वित्त योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि 10.7 लाख की लागत से आरसीसी नाली निर्माण कार्य सीमेंट गोदाम से पानी टोला पुलिया तक का भूमि पूजन किया गया । पानी टोला में चल रहे निर्माण कार्य से पानी टोला के ग्रामीण राहत की सांस ले रहे हैं । दरअसल कई वर्षों से बरसात के मौसम में पानी टोला के ग्रामीणो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था बरसात के एक ही पानी में सड़क मे बाढ़ आ जाती थी और पानी टोला में रहने वाले कई ग्रामीणों के घर में पानी घुस जाता था जिससे मिट्टी के मकान कच्चे मकानो के धराशाई होने का खतरा बना रहता था । इसी तरह पानी टोला वार्ड नंबर 12 में भी बरसात के मौसम में सड़क दलदल बन जाती थी इस सड़क मे 15 वां वित्त एवं मनरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि 9,36 लाख की लागत सीसी सड़क निर्माण कार्य संजू बर्वे के घर से राजू नागेश्वर के घर तक पूर्ण हो चुका है । पानी टोला के ग्रामीणों का कहना है कि नाली एवं सीसी सड़क बन जाने से ग्रामीण को अब बरसात के मौसम में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। श्रीमती रामबती उईके सरपंच ग्राम पंचायत उकवा श्री शिव शंकर तिवारी उपसरपंच उकवा, भजन वल्के सचिव,प्रीति सहारे रोजगार सहायक, पंच श्रीमती सविता सोना,सृष्टि सिक्का, उत्कल नंदा,रीना जीजोतिया,संजीव अग्रवाल, प्रमिला मेश्राम, परमानंद पारधी,आरती भारद्वाज,संजय अग्रवाल,सविता चौकसे,सुमित बांगरे, ललिता रौतीया,तेजस्वनी नाग,हरीश मरावी,किस्टो चरण,रमेश कुमार, जैक्सन सरभांग एवं अंबिका क्षत्रीया, के द्वारा भूमि पूजन कर निर्माण कार्यों की जानकारी दी गई ।

# लांजी में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** निर्माण इंस्टीट्यूट परिसर में 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसे भूतपूर्व वायु सैनिक श्री राजेंद्र रामटेककर द्वारा किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ पेश कीं, जिनमें भारत की एकता, अखंडता और संविधान के महत्व को दर्शाया गया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार गोयल ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक माननीय राजकुमार कर्राहे ने संस्थान के शैक्षणिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है एवं सभी विद्धार्थियों को कंप्यूटर असेंबली वर्कशॉप के पार्टिसिपेशन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर निर्माण इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार गोयल , डॉयरेक्टर प्रणय कुमार एवं देवेंद्र क्षीरसागर, भानु प्रताप प्रजापति, आकाश बाहें, दीक्षा बारेकर, प्रतीभा कुचलाहे, ज्योति मालेवार , सागर आसटकर , शिवम रामटेककर, समीर खान कैलाश ब्रम्हपुरे समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में संस्थान में अध्यनरत विद्यार्थी विकास बारासागड़े(बीएसएफ) एवम आकाश बरसागड़े (सीआरपीएफ), के साथ लांजी क्षेत्र के सभी एसएससी जीडी की परीक्षा में चयनित होनहार छात्र तोपेश /डामेशवर कलपुरिया (BSF), देवेश /विजय वारे (CRPF),हर्षित /कोमलप्रसाद कोठारे (BSF), आकाश /रामप्रसाद बारसागड़े (CRPF), विकास /रामप्रसाद बारसागड़े (BSF), नोहित /अनाराम चौधरी (CRPF),संजय /रोशेलाल कावरे (CRPF),आशीष / बाडूलाल मानकर (BSF),साहिल /बिगेंद्र पाण्डे (BSF), वरुण /तिलकेश बड़मे (BSF), रूपम /राजेश्वर बारसागड़े (CRPF),विकाश /रमेश चौरे (CRPF) सभी चयनित विद्यार्थियो ने समारोह में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई,सभी को प्रमाण पत्र प्रदान कर देश सेवा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया गया , कार्यक्रम का समापन स्वालपाहार के साथ किया गया।

## आवागमन शुरू होने के बाद शिक्षा और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा-विवेक पटेल

# वारा रेल्वे क्रासिंग पर गार्डर लांच का कार्य हुआ पूर्ण

### रेल्वे ओवर ब्रिज का विधायक विवेक पटेल ने एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल के साथ किया निरीक्षण

### मार्च-अप्रैल 26 तक ओवर ब्रिज से आवागमन प्रारंभ होने की संभावना



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी-बालाघाट मार्ग पर ग्राम वारा में रेल्वे क्रासिंग के दोनों तरफ बनाए गए दो पिल्लरों के ऊपर गार्डर बिठाने का कार्य बुधवार की रात्रि में रेल्वे अधिकारियों व ठेकेदार की निगरानी में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। प्रदेश व साऊथ सेन्ट्रल रेल्वे के दूसरे सबसे लंबे 76 मीटर लंबाई व 12 मीटर ऊँचाई वाले गार्डर को पिल्लरों के ऊपर बिठाने के लिए पिछले 2 माह से ठेकेदार द्वारा रेल्वे अधिकारियों की निगरानी में गार्डर को बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। जिसके लिए बड़ी बड़ी मशीनों का उपयोग ठेकेदार द्वारा किया गया। इस कार्य के लिए एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल द्वारा 1 दिसम्बर से इस मार्ग पर आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया था।

**बुधवार की रात्रि 12 बजे से सुबह तक चला कार्य:** लगातार 2 माह की मेहनत के बाद आखिरकार ठेकेदार व रेल्वे अधिकारियों की निगरानी में तैयार हुए 76 मीटर लंबाई व 12 मीटर ऊँचाई के गर्डर को पिल्लरों पर बिठाने का कार्य बुधवार की रात्रि लगभग 12 बजे के बाद से प्रारंभ किया गया था। जिसके लिए एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने रात्रि में ही आवागमन को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था। जिसके बाद रेल्वे अधिकारियों व ठेकेदार की देखरेख में बड़ी बड़ी क्रेनों के माध्यम से गार्डर को पिल्लरों पर बिठाने का कार्य प्रारंभ हुआ और सुबह होते-होते गार्डर पिल्लरों पर बिठा दिया गया।

पिल्लरों पर गार्डर को बिठाने का कार्य देखने के लिए देर रात्रि में भी नागरिकों की भीड़ लगी रही। सैकड़ों नागरिक इस कार्य के प्रत्यक्षदर्शी बनने के लिए लगातार स्थल पर उपस्थित रहे और उनके द्वारा इस कार्यवाही विडियो व रील भी बनाई गई। गार्डर का कार्य पूर्ण होने के बाद सुबह विधायक विवेक विक्की पटेल ने एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, पीडब्ल्यूडी एसडीओ अर्जुन सनोडिया, सब इंजीनियर अनिल मेश्राम, राजकुमार चौधरी, जैशराज पारधी, छगन हनवत, संदेश बिसेन व अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि जनता को जिस समय का इंतजार था, अब वह पूर्णता की ओर है। रेल्वे क्रासिंग के दोनों ओर के पिल्लरों पर गर्डर रखने का कार्य रेल्वे के अधिकारियों व ठेकेदार ने मिलकर सफलतापूर्वक बुधवार की रात्रि में पूर्ण कर लिया है। उन्होंने कहा कि ट्रेन आने के समय रेल्वे का फाटक बंद कर दिया जाता हैं, जिससे नागरिकों को वहाँ खड़े रहना पड़ता था। रेल्वे ओवर ब्रिज का पुल बनने के बाद विकास को एक नई दिशा मिलेगी।

## विशेषज्ञो के मार्गदर्शन से हमारे विद्यार्थीयो का भविष्य अवश्य उज्जवल होगा- प्राचार्य आर.के .नागपुरे

# पीएम श्री शासकीय उ. मा. वि.भेंडारा में आयोजित हुआ एक्सपर्ट टॉक एंव केरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** विकासखंड खैरलांजी मुख्यालय स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडारा में बुधवार 28 जनवरी को शासन की मंशा अनुरूप विशेषज्ञ चर्चा (एक्सपर्ट टॉक )का आयोजन संस्था के प्राचार्य श्री रविकांत नगपुरे की अध्यक्षता में किया गया ।इस अवसर पर अलग-अलग विभागों के 10 विद्वान आमंत्रित किए गए। जिसमें थाना प्रभारी रामपायली श्री दिलीप मौर्य, डॉ.जयश्री अरोरा संजीवनी हॉस्पिटल बालाघाट ,श्री गोविंद टेंभरे शाखा प्रबंधक एसबीआई कोचेवाही, श्री राजेश चौहान बीडीडीएस ( बम डिफ्यूजन डिपार्मेंट और सिक्योरिटी) के इंस्पेक्टर बालाघाट ,श्री विनोद पारधी ट्रेनिंग ऑफीसर आईटीआई किरनापुर ,श्री रामप्रसाद रामटेके एडवोकेट सिविल कोर्ट वारासिवनी, श्री आशीष बोपचे मध्य प्रदेश पुलिस, डॉ. आकांक्षा लांजेवार कृषि विस्तार अधिकारी भेंडारा ,श्री सुरेंद्र बिसेन सेवानिवृत एसआई बीएसएफ एवं श्री भेजेंद्र चौधरी स्काउट एवं गाइड जिला कोषाध्यक्ष एवं जिला योग प्रशिक्षक एवं अध्यक्ष वारासिवनी सम्मिलित हुए । इस अवसर पर श्री भेजेंद्र चौधरी ने भारतीय संस्कृति एवं कुटुंब प्रबंधन की भावना पर बल देते हुए कहा कि योग एवं प्राणायाम हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं ।उन्होंने छात्रों को प्रातः काल उठने, नियमित योग ,प्राणायाम ,ध्यान एवं आत्मविश्वास के साथ जीवन में प्रत्येक लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा दी ।श्री सुरेंद्र बिसेन ने छात्रों को सेना एवं सेना के विभिन्न पदों तथा उसमें शामिल होने हेतु तैयारी की जानकारी प्रदान की। वही थाना प्रभारी रामपायली श्री दिलीप मौर्य ने छात्रों को मोबाइल एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया ।उन्होंने बायोमेट्रिक फ्रॉड ,पीडीएफ फ्रॉड, लिंक फ्रॉड आदि से बचने हेतु जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. जयश्री अरोरा वारासिवनी ने कहा कि ₹शरीर और मन से स्वस्थ रहना ही सही अर्थों में अच्छा स्वास्थ्य कहलाता है₹ ।वाणिज्य विभाग से शामिल श्री गोविंद टेंभरे ने छात्रों को मुद्रा योजना,शिक्षा लोन, औद्योगिक लोन आदि की जानकारी देते हुए कहा कि ₹भारतीय बैंक सदा आपकी सेवा और आर्थिक सहयोग के लिए तत्पर है। वही श्री राम प्रसाद रामटेके वारासिवनी ने छात्रों को लगन और कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि ₹जब तक आप एकाग्र नहीं रह सकते शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते₹। कार्यक्रम के अगले चरण में श्री विनोद पारधी किरनापुर ने कौशल आधारित शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बिना कौशल के सिर्फ किताबी ज्ञान जीवन में सफल नहीं बन सकता। मध्य प्रदेश पुलिस से पधारे श्री आशीष बोपचे जी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि समय का उचित सदुपयोग करते हुए जीवन में अपने लक्ष्य की प्राप्ति को अपना पहला कर्तव्य बनाएं। कार्यक्रम में आए श्री राजेश चौहान बालाघाट ने छात्रों को सार्वजनिक स्थलों पर सावधानी पूर्वक रहने एवं अनजान वस्तुओं को न छूने तथा बम डिस्पोजिंग की जानकारी छात्रों को प्रदान की। वहीं कृषि विभाग से आमंत्रित डॉ. आकाक्षा लांजेवार खैरलांजी ने कृषि क्षेत्र से जुड़े समस्त कोर्स एवं कृषि में रोजगार के असीम अवसरों की जानकारी छात्रों से साझा की गई।

## खबर संक्षेप



### हिंदू समरसता समागम कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

-पूज्य स्वामी जगतगुरु प्रज्ञानंद सरस्वती जी महाराज का आशीर्वचन प्राप्त होगा-

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आगामी 1 फरवरी को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नया बस स्टैंड में आयोजित हिंदू समरसता समागम कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर जारी है। सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू समरसता समागम कार्यक्रम को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है । जिसमें धर्म सम्राट पूज्य जगद्गुरु स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती जी महाराज का आशीर्वचन प्राप्त होगा। आयोजन समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता गण घर-घर पहुंचकर लोगों को निमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं तथा सभी से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील कर रहे हैं।हिंदू समरसता समागम में समाज के बच्चों युवाओं महिलाओं एवं बुजुर्गों सभी को आमंत्रित किया जा रहा है आयोजन समिति साथी प्रत्येक घर तक पहुंच कर सम्मेलन के उद्देश्य की जानकारी दे रहे हैं तथा हिंदू समाज को एकजुट करने और जागरूकता फैलाने का संदेश दे रहे हैं।

आयोजन समिति का कहना है यह सम्मेलन हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है, युवा साथियों द्वारा नगर को झंडा एवं तोरण से सजाया जा रहा है।

सकल हिंदू समाज ने अपील की है कि 1 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम जो दोपहर 12:00 बजे से 4:00 तक आयोजित है समस्त हिंदू समाज परिवार सहित समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे।कार्यक्रम उपरांत भोजन प्रसादी भी रखा गया है।

# पिता-पुत्र और दादा ने वन कर्मियों से की मारपीट, दो को पुलिस ने दबोचा

## धूमा थाना क्षेत्र की घटना, वाहन में तोडफ़ोड़, वर्दी फाड़ी, मामला हुआ दर्ज

**धूमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत थाना क्षेत्र के छिरारू गांव में तीन लोगों ने मिलकर वनकर्मियों से मारपीट कर वाहन में तोडफ़ोड़ कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल एक आरोपी एवं एक अपचारि नाबालिक बालक धूमा पुलिस की गृह्त मे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी आकाश आकाश पुरोहा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि के जमखार बीट के अंतर्गत वनकर्मचारी गश्त कर रहे थे। तभी बाइक सवार तीन लोग सागौन की सिल्ली ले जा रहे थे। वनकर्मियों ने उन्हें रोककर पूछताछ कर रहे थे तभी तीनों आक्रोशित हो गए और डंडे से हमला शुरु कर दिया। वाहन और मोबाइल में तोडफ़ोड़- कर दिया जिससे एक वन कर्मचारी के हाथ मे गंभीर चोट आई है आरोपी छिरारू गांव के रहने वाले हैं। प्रसन्न उर्फ राज झारिया, उसका पिता नर्मदा और दादा सुम्मी ने वनकर्मियों के साथ मारपीट करते हुए उडन्नदस्ता वाहन क्रमांक एमपी 02 एवी 3867 में तोडफ़ोड़ कर दी। इसके अलावा जमखार बीट प्रभारी सुखचेन मर्सकोले का मोबाइल तोड़ दिया। वाहन चालक ब्रजेश और वनरक्षक मंगल लोधी के साथ मारपीट कर दी। शिकायत घटना के बाद वनकर्मी अपने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ धूमा थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की। घटना के बाद एक आरोपी फरार हैं।

### इनका कहना है

तीन आरोपियों द्वारा दो पहिया वाहन में सागौन की तस्करी की जा रही थी उनके द्वारा शासकीय वाहन में तोडफ़ोड़ एवं कर्मचारियों से मारपीट की गई शासकीय कार्य में बाधा एवं अवैध तस्करी को लेकर मामला कायम किया जा रहा है।

**आकाश पुरोहा,वन परिक्षेत्र अधिकारी धूमा**

धूमा थाना प्रभारी डोमनसिंह मरावी का कहना है कि तीन आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। दो को पकड़ लिया हे एक अन्य तलाश की जारी है।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन अभियान प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पेंशन योजना के तहत पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। योजना के प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक पंजीयन किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्र हेतु 16 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक अभियान संचालित किया जाएगा।

इस योजना का लाभ असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक जैसे ऑटो-रिक्शा चालक, सफाईकर्मी, रेहड़ी-पटरी व्यवसायी, मोची, धोबी, नाई, घरेलू श्रमिक, कृषि एवं निर्माण श्रमिक, स्वरोजगार में कार्यरत मजदूर आदि ले सकते हैं।

योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक पात्र होंगे, जो असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हों, ईपीएफ/ईएसआईसी/एनपीएस के लाभार्थी न हों, आयकर दाता न हों तथा जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक न हो। पात्र श्रमिकों को आयु के अनुसार 55 से 200 रुपये प्रतिमाह अंशदान करना होगा, जिसके बराबर अंशदान भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। योजना अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर श्रमिक को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाएगी। पेंशनधारी की मृत्यु होने पर उनकी विधवा/विधुर को पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त स्वेच्छा से योजना छोडऩे पर अंशदान वापसी का विकल्प भी उपलब्ध है। पंजीयन हेतु श्रमिक का आधार नंबर, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाते की पासबुक अनिवार्य है।

श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 14434 अथवा कार्यालय श्रम पदाधिकारी सिवनी, कलेक्टोरेट परिसर, कचहरी चौक, पुरातत्व विभाग कक्ष से संपर्क किया जा सकता है।

# टैलेंट पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर, 70 बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।







छिंदवाड़ा रोड स्थित टैलेंट पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक भव्य सांस्कृतिक एवं प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 70 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नृत्य, गीत, कविता पाठ, भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का आयोजन टैलेंट पब्लिक स्कूल, छिंदवाड़ा रोड, सिवनी परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य आलोक यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। विद्यालय के निदेशक ओमप्रकाश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में निर्मला ठाकुर, शरद दुबे, अनिल सनोडिया एवं चंदन खताबिया उपस्थित रहे।




अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं और ऐसे मंच उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रस्तुतियों पर उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया तथा सफल आयोजन के लिए शिक्षकों और स्टाफ के योगदान की सराहना की गई।

# वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष सनवर पटेल ने फैज़ कबीर को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




एम पी सी ए के द्वारा घोषित अंडर 14 कि टीम में सिवनी के आल राउंडर खिलाड़ी फैज़ कबीर का चयन किया गया जिन्होंने उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, विदर्भ के विरुद्ध शानदार खेल का प्रदर्शन किया जिसके लिए गत दिवस सी एम शॉपिंग मॉल के उद्घाटन अवसर पर अंजुमन इस्लामिया एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी कि तरफ से केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष सनवर पटेल ने सम्मानित किया। फैज़ कबीर को मिली उपलब्धि पर अंजुमन इस्लामिया एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर मौलाना असगर अली इमाम, केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह,बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, समी अंसारी, वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जावेद खान, आसिफ जरदारी, आनंद पंजवानी, अभिषेक दुबे, युवराज राहंगडाले सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

### पार्षद गोल्ड कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि सनवर पटेल ने समिति सदस्यों और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया



सिवनी- मिशन स्कूल ग्राउंड में खेली जा रही पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट दर्शकों के लिए सीधा प्रसारण गौतम डिजिटल सेटअप द्वारा यूट्यूब के माध्यम से जस्टिन स्टुडियो के माध्यम से लगातार घरों घर सीधा प्रसारण किया जा रहा है जिससे खेलप्रेमी इस टूर्नामेंट का प्रसारण कभी कहीं भी देख कर आनंद उठा रहे हैं। अजय बाबा पांडे और अरूण यादव और उनकी पूरी टीम द्वारा इस पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन कराया जा रहा है। गत 28 जनवरी को खेले गए मैचों में माहौल तब बना जब मुख्य अतिथि के तौर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल का आगमन हुआ तालियों की गडगड़ाहट और आतिशबाजी के बीच आयोजन समिति द्वारा श्री पटेल का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल द्वारा मैदान में उपस्थित टीम सद्भाव, पत्रकार 11, मुस्तफा 11, डीएस 11 से परिचय प्राप्त किया कर सिक्का उछालकर टास प्रकिया पूरी कराते हुए कहा कि वर्तमान में स्वस्थ रहने के लिए खेलों से लगाव जरूरी है आगे श्री पटेल ने क्रिकेट बेट से शाट लगाकर बाल को बाउंड्री पार कराया। अपने उद्बोधन में श्री पटेल ने खेलों के प्रति अपने अनुभव साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलों इंडिया का भी जिक्र किया।



### सिवनी निवासी डॉ. दिनेश ठाकुर ने मानवता की पेश की मिशाल, मंत्री ने किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिंगोड़ी कान्हीवाडा निवासी हरिप्रसाद ठाकुर के पुत्र डॉक्टर दिनेश ठाकुर छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज में पदस्थ है। उन्होंने बीते दिन मानवता की ऐसी मिसाल पेश की जिसे सुनकर हर कोई उनकी सराहना कर रहा है।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा शहर के व्यस्त सत्कार तिराहे के पास सडक़ पर मौत से जंग लड़ रहे एक युवक के लिए मेडिकल कॉलेज के डॉ. दिनेश ठाकुर 'देवदूत' बनकर सामने आए। चलती बाइक पर युवक को अचानक हार्ट अटैक आया और वह बेहोश होकर गिर पड़ा. जिसे डॉक्टर ने तत्काल सीपीआर देकर मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया।

# एक और व्यक्ति हुआ सडक़ दुर्घटना का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के अंतर्गत पुलिस थाना उगली मुख्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर बीएसएनल एक्सचेंज टावर के सामने जैन धर्म कांटा के नजदीक सडक़ पर खड़े ट्रक पर एक दो पहिया वाहन पीछे से टकरा गया, प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ट्रक डब्लू बी के 37 डी 2007 जो सीताराम ट्रांसपोर्ट केवलारी के ट्रांसपोर्टर का ट्रक था, जो उगली क्षेत्रांतर्ग धान उपार्जन केंद्र परिवहन के लिये आया था, जिसमें पीछे एक रोड में इंडिकेशन वाला साइन बोर्ड लोहे का एंगल लगा हुआ था, बाइक सवार नरेश पिता ध्यान गिरी निवासी सोनखार उम्र लगभग 45 जो सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी सफेद दूधिया लाइट की चका चौंध में अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार के साथ सडक़ पर लगे साइन बोर्ड के साथ ट्रक में घुसने से गिर गया, और गंभीर रूप से घायल हो गया, थाना प्रभारी उगली ने बताया कि वाहनों में सफेद तेज रोशनी के जो लाइट्स आजकल फैशन के दौर में लगाया जा रहा हैं, इससे 50 प्रतिशत रात्रि के समय सडक़ दुर्घटनाएं हो रही है और असमय ही लोगों के काल के गाल में समा रहे है, अभि विगत 26 जनवरी के दिन भी एक सडक़ हादसा हुआ जिसमें एक उगली निवासी युवक की मौत हो गई। गत दिवस भी ऐसे ही घटना घटी हुई. जिससे रात्रि में वाहन चलाने में अब लोग डरे सहमें से नजर आ रहे हैं,खैर जो भी बात हो अगर चालक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जैसे दोपहिया वाहनों पर हेलमेट लगाए और चौपाया वाहनों पर सीट बेल्ट पहनें तो कुछ हद तक यह सडक़ दुर्घटनाओं में अंकुश लग सकता है, दूसरी तरफ बात करें जिस स्थान पर ट्रक खड़ा था उसके नजदीक जैन धर्म कांटा है, जहां पर पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है, खाली ट्रक सडक़ पर खड़े रहते है, जिस पर आकर दो पहिया वाहन टकरा गया धर्म कांटा संचालक को अपने प्रतिष्ठान के पास में पार्किंग की उचित व्यवस्था करनी चाहिए मृतक नरेश गिरी का गत दिवस पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया. घटना में गंभीर घायल को तुरंत प्राथमिक की उपचार के लिए केवलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित किया, इनका कहना है...थाना प्रभारी उगली एस गोदेवार सडक़ दुर्घटनाओं में अक्सर रात्रि के समय जो भी हादसे हो रहे हैं इसका मुख्य कारण वाहनों में लगे सफेद रोशनी वाले, लाइट्स, मिर्ची बल्ब इसकी वजह से तेज रोशनी के अंतर्गत अपर डिपर को समझने में गलतियां हो रही है, और अधिकांश सडक़ दुर्घटनाएं हो रही है, जिसके लिए मैंने अपने उच्च अधिकारियों से भी बात की है, लेकिन कहीं ना कहीं इन सडक़ दुर्घटनाओं के पीछे तेज रोशनी का होना पाया जा रहा है।

# खेरमाई मंदिर में राम कथा एवं हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

27 जनवरी 2026 को खेरमाई मंदिर प्रांगण में आयोजित राम कथा के साथ ही एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एवं विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मातृशक्ति वक्ता के रूप में योग शक्ति बीके आस्था दीदी जी उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी श्री श्रद्धानंद बलवंतानंद जी महाराज ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभाव की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से पधारे श्री विश्वनाथ जी ने संघ के शताब्दी वर्ष (100 वर्ष) के अवसर पर संघ के संघर्ष, राष्ट्र सेवा, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता विषय पर विस्तार से विचार रखे। कार्यक्रम में राम कथा के माध्यम से धर्म, मर्यादा और संस्कार का सुंदर संदेश दिया गया। आयोजन उपरांत श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद भंडारा का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी वर्गों के समाज के लोग, सनातनी बंधु, संतजन, व्यापारी वर्ग, पितृशक्ति, मातृशक्ति, युवा भाई-बहन एवं बाल गोपाल बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी श्रद्धालुओं, संतजनों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से यह धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ।

### शान 11 और भैरोगंज किंग्स ने उलटफेर कर जीते अपना मैच

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के सबसे बड़े पालिटेक्निक कालेज मैदान में खेली जा रही सद्भाव आक्सन प्रीमियर लीग वेटरन वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाडिय़ों की फौज और दर्शकों की मौज दिनों-दिन बढ़ती जा रही है खेल के जुनून का आनंद लेने भारी तादात में पाली मैदान पहुंच रहे खेल प्रेमी। पहली बार सद्भाव ग्रुप की ओर से आक्सन प्रीमियर लीग वेटरन वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रतिदिन दो मैच खेले जा रहे हैं लीग मैचों की श्रृंखला में वेटरन वर्ग के जबरदस्त मुकाबले खिलाडिय़ों का जुनून देखने देखने को मिल रहे हैं। 29 जनवरी को सुबह 7.30 बजे से खेला गया पहला मैच करम जीएसटी 11 और शान 11 के मध्य खेला गया। टास जीतकर करम जीएसटी 11 ने क्षेत्ररक्षण चुना और शान 11 को बल्लेबाजी करने आमंत्रित किया शान 11 के खिलाडिय़ों ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में। 7 विकेट खोकर 140 रनों का स्कोर खड़ा किया शान 11 की ओर से खेलते हुए शानू ने 56 रनों की पारी खेली जिसमें उन्होंने 7 छक्के और 2 चौके 17 का का सामना करके मारे वहीं नगेन्द्र ने 20 गेंदों पर प्रहार करते हुए 6 गगनचुंबी छक्के और 3 चौकों की मदद से 60 रनों की पारी खेल कर नाबाद रहे। अपने लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम करम जीएसटी 11 के शीर्ष बल्लेबाज जल्दी जल्दी आउट होकर पवेलियन लौट आए बल्लेबाजी करते हुए करम जीएसटी 11 ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर महज 99 रन ही बना सकी। और यह मैच आसानी से शान 11 ने 41 रनों से जीत लिया। आज का दूसरा मैच एजे 11 और भैरोगंज किंग्स के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एजे 11 ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में 3 विकेट गंवाकर 96 रन ही बना पाई इस छोटे स्कोर का पीछा करने उतरी भैरोगंज किंग्स की टीम ने 8 ओवर में ही अपने 3 खिलाड़ी के आउट होने के पश्चात सुनील सिंह और त्रिलोक के नाबाद रहते यह मैच आसानी से जीत लिया। सुनील सिंह ने 4 छक्के और 2 चौके की मदद से 20 गेंदों में 41 रन तो त्रिलोक ने 13 गेंदों पर 32 रन बनाए जिसमें 4 छक्के और 1 चौंका शामिल रहा।

### छपारा की बेटी प्रांजल ने बेंगलुरु में लहराया परचम, रामाय्या यूनिवर्सिटी में किया टॉप



**छपारा/सिवनी:** क्षेत्र की होनहार प्रतिभाएं आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। इसी क्रम में छपारा निवासी प्रांजल तिवारी ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। प्रांजल ने बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित रामाय्या यूनिवर्सिटी से एम.एससी.की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी टॉप किया है। दीक्षांत समारोह में उन्हें इस उपलब्धि के लिए डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रांजल की शैक्षणिक यात्रा यहीं नहीं रुकी। अपनी कड़ी मेहनत और विषय पर मजबूत पकड़ के चलते उनका चयन भारत के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च में हुआ है। वर्तमान में वे यहाँ पीएचडी प्रथम वर्ष की छात्रा हैं और रिसर्च (शोध) कर रही हैं। प्रांजल, छपारा निवासी राजनारायण तिवारी एवं श्रीमती सविता तिवारी की सुपुत्री हैं। वे वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद नारायण तिवारी की भतीजी हैं। प्रांजल की इस सफलता पर उनके परिजनों, इष्ट मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर देश के शीर्ष संस्थानों तक पहुँचने का प्रांजल का यह सफर अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत अटूट, तो सफलता की कोई सीमा नहीं होती।

# औषधि नियमों के उल्लंघन पर 4 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सिवनी के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक द्वारा जिले के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की गई। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जिले के 4 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। जिसमें सूरज मेडिकल एंड जनरल स्टोर, आदेगांव, लखनादौन का 07 दिवस के लिए, भारती मेडिकल स्टोर्स, बेलपेठ, कुरई का 10 दिवस के लिए, अवनि मेडिकल स्टोर, आदेगांव, लखनादौन का 05 दिवस के लिए, हनवत मेडिकल, गंगपुर, बरघाट का 07 दिवस के लिए निलंबित किए गए हैं। निलंबन अवधि में औषधि व्यवसाय करना अवैधानिक होगा। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि 9 मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। जिसमें श्री कृष्णा मेडिकल स्टोर्स (चक्कीखमरिया), परिहार मेडिकल स्टोर्स (धोबीसरा), पचेश्वर मेडिकल स्टोर्स (धोबीसरा), श्री राधे कृष्णा मेडिकल स्टोर्स (धारनाकलां), गणेश मेडिकल स्टोर्स (धारनाकलां), कटरे मेडिकल स्टोर्स (बरघाट), वरदान मेडिकल स्टोर्स (सिवनी), संदीप मेडिकल स्टोर्स (बोरीकला) एवं आयुष मेडिकल स्टोर्स (बोरीकला) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

### छपारा नगर परिषद द्वारा बड़ी कार्रवाई

# सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले अतिक्रमणकारियों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।

**नगर परिषद छपारा द्वारा नगर के विकास और जनसुविधाओं के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमला सहित शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है।**

नगर परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ गीता वाल्मीकि की शिकायत पर पुलिस ने संबंधितों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

### क्या है पूरा मामला ?

विदित हो कि छपारा नगर के महावीर वार्ड नंबर सात में स्थित साहू मोहल्ले में वार्ड वासियों की मूलभूत सुविधाओं के तहत नाली सहित सी सी रोड का निर्माण कार्य किया जाना है। जाँच के दौरान पाया गया कि कुछ स्थानीय निवासियों द्वारा शासकीय भूमि, रास्ते और सार्वजनिक नाली के ऊपर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल,गेट एवं टीन शेड का निर्माण कर लिया गया था।



### नोटिस के बावजूद नहीं हटाया कब्जा

नगर परिषद सीएमओ द्वारा जानकारी दी गई कि पूर्व में इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने के लिए निर्धारित समय दिया गया था। किंतु निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तब बुधवार 28 जनवरी को स्वयं सीएमओ गीता वाल्मीकि, उपयंत्री दीपक उईके, सहायक राजस्व निरीक्षक चमन लाल भारती दलबल और जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुँचे थे।

### कार्रवाई के दौरान हंगामा और एफआईआर

जब परिषद एवं राजस्व विभाग का अमला अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर रहा था, तब स्थानीय वॉर्ड निवासी श्रीमती मिथलेश साहू पति प्रेमलाल साहू एवं अन्य सहयोगियों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई और विरोध जताया गया। नगर के विकास में इस प्रकार का अवरोध देख सीएमओ ने तत्काल सख्त रुख अपनाते हुए संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की।

### विकास कार्यों पर जोर :- वहीं सीएमओ गीता

वाल्मीकि ने स्पष्ट किया कि नगर वासियों के हितों और सुविधाओं के लिए विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ‘नगर के विकास के लिए सहयोग करने के बजाय इस तरह का विरोध करना गलत है, इससे विकास की गति और मनोबल दोनों पर असर पड़ता है।

# चाकू लेकर घूमने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चाकूबाजो के विरुध्द सख्त है चाकूबाजो पर तत्परता से कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुद्ध भी सख्ती से कार्यवाही हेतू प्रयत्नशील रहते है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकदीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी चैनसिंह उइके द्वारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 28/01/2025 को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपनी स्कूटी मे चाकू लेकर घूम रहा है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी चैनसिंह उडक़े के नेतृत्व मे डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा घेराबंदी कर मंडला रोड आमाझिरिया के पास व्यक्ति को पकड कर उसकी स्कूटी से धारदार लोहे का चाकू जप्त करने मे सफलता प्राप्त की है जो आरोपी के विरुध्द अपराध क्रंमाक 45/2026 धारा 25 आम्र्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी चन्द्रकांत उर्फ सोनू पांडे पिता रामचंद पांडे उम्र 32 साल नि. कबीर वार्ड थाना डूण्डासिवनी जिला सिवनी ।

### हत्या के प्रयास प्रकरण मे फरार आरोपी निलेश दुबे व निलेश कश्यप को जेल

**सिवनी।** नववर्ष को पार्टी में हल्ला की बात को लेकर प्राणघातक हमला करने वाले 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 01/01/2026 को प्रार्थी राहुल कश्यप निवासी दादू मोहल्ला संजय वार्ड सिवनी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 01/01/2026 को मठ मंदिर के पीछे खुले मैदान में हल्ला करने की बात को लेकर आजाद वार्ड सिवनी मोनू दुबे एवं मुन्ना कश्यप द्वारा धारदार चाकू से प्रार्थी राहुल कश्यप को जान से मारने की नियत से हमला करने पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया दौरान एवं तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर सभी फरार आरोपियों की संभावित लगातार तलाश पतासाजी की जा रही थी जो आज दिनांक 28/01/2025 को ड्रीमलेंड सिटी के पास से आरोपी मोनू दुबे एवं मुन्ना कश्यप को घेराबंदी पकड़ा कर गिरफ्तार किया जाकर सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जहां माननीय न्यायालय द्वारा सभी न्यायिक हिरासत में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

विशेष भूमिकाः थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, सउनि प्रमोद मालवी, प्र.आर. मनोज पाल, नवीन तिवारी, आर. सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दुबे, प्रतीक बघेल चालक इरफान की सराहनीय भूमिका रही।

### वारासिवनी के वारा में प्रदेश का सबसे बड़ा गर्डर स्थापित किया जा रहा है

# गर्रा में 36 मीटर लंबा गर्डर सफलतापूर्वक लॉन्च किया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट जिले में गर्रा और वारासिवनी के वारा में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर गर्डर लॉन्चिंग का काम चल रहा है। गर्रा में 36 मीटर लंबा गर्डर सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। वहीं, वारासिवनी के वारा में प्रदेश का सबसे बड़ा गर्डर स्थापित किया जा रहा है, जिसके चलते दो ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

वारासिवनी के वारा आरओबी पर 76 मीटर लंबा और 800 टन वजनी गर्डर लॉन्च किया जा रहा है। इस विशाल गर्डर को स्थापित करने के लिए 1600 टन क्षमता वाली मशीन का उपयोग किया जा रहा है। यह गर्डर प्रदेश का सबसे बड़ा रेलवे गर्डर बताया जा रहा है।

रेलवे की ओर से रात 12.25 बजे से सुबह 7.25 बजे तक दिए गए मेगा ब्लॉक के दौरान वारासिवनी में गर्डर लॉन्च का काम पूरा नहीं हो सका। इसके कारण वाया वारासिवनी होकर जाने वाली तिरोड़ी-गोंदिया और गोंदिया-तिरोड़ी ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

बालाघाट स्टेशन प्रबंधक कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि तिरोड़ी से गोंदिया आने वाली ट्रेन को कटंगी में और गोंदिया से तिरोड़ी जाने वाली ट्रेन को बालाघाट में रोका गया है।



काम पूरा होने के बाद ट्रेनों को आगे रवाना किया जाएगा।

रेलवे विभाग का पूरा अमला वारासिवनी के वारा में गर्डर लॉन्च करने में जुटा है। सेतु संभाग के एसडीओ अर्जुन सनोडिया ने बताया कि गर्रा बीके-9 पर गर्डर लॉन्च का काम सुबह चार बजे तक पूरा हो गया। वारासिवनी में काम प्रगति पर है और दोपहर तक इसके पूर्ण होने की संभावना है। इसके बाद स्लैब का काम शुरू होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मार्च तक दोनों ओवरब्रिज का काम पूरा कर आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

दोनों ओवरब्रिज पर गर्डर लॉन्चिंग के कारण बीते बुधवार से ही दोपहिया वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। इन मार्गों से गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जा रहा है।

### रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण प्रतिबंध

## बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के बिना अनुमति के उपयोग पर लगाया गया प्रतिबंध

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आगामी दिनों में आयोजित होने वाली स्कूलों की बोर्ड परीक्षा, वार्षिक परीक्षा एवं महाविद्यालयीन परीक्षाओं के सुव्यवस्थित संचालन तथा परीक्षार्थियों को अध्ययन के दौरान किसी तरह का व्यवधान न हो इसके लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मृणाल मीना ने मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इस संबंध में दिये गए आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे लाउड स्पीकर, डी.जे., बैंड-बाजा, जुलुस, इत्यादि का उपयोग तथा किसी आमसभा, जुलूस, सम्मेलन जलसा, खेल प्रतियोगिता और किसी भी निजी/सार्वजनिक कार्यक्रमो में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नही करेगा। परीक्षाओं के संचालन हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से 200 मीटर की परिधि के भीतर कोई ध्वनि विस्तारक यंत्र नहीं चलाया जाएगा। जहाँ कोई ध्वनि विस्तारक यंत्र उपर्युक्त दूरी से परे चलाया जाता है, वहाँ उसके वॉल्यूम को इस प्रकार नियंत्रित किया जाएगा कि जिससे परीक्षा केन्द्रों को कोई विघ्न न पहुँचे या न्यूसेंस कारित न हो।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का पूर्णरूपेण प्रतिबंध रहेगा। अत्यंत आवश्यक होने पर प्रातः 6.00 बजे से रात्री 10.00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रो के 1/4 वॉल्यूम में (ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि 10 डेसीबल से अनाधिक पर) उपयोग की अनुमति विहित प्राधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी (रा.) द्वारा म.प्र. कोलाहल नियत्रण अधिनियम 1985 की धारा 7 के उपबंधों को दृष्टिगत रखते हुए जारी की जाएगी।

इस आदेश का उल्लंघन करने पर जिम्मेदार व्यक्ति के विरूद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी, थाना प्रभारी, जनपद सीईओ को इस आदेश का कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए है।

## जुआ खेल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा दो आरोपी मौके से फरार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



थाना प्रभारी रामसिंह पटेल के मार्गदर्शन मे खैरलाँजी पुलिस ने ग्राम खरखड़ी के पास बाड़ी में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त होने से रेड कार्यवाही की गई। जिसमें खैरलांजी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर जुआ खेल रहे 4 आरोपी को पकड़ने गए जिसमे 2 आरोपी पकड़े गए एवं 2 आरोपी फरार हो गए हैं। आरोपियों से 37800 रू. जप्त किये जहाँ सेआरोपी अशोक भगत पिता सुखदेव भगत निवासी गुबडगोंदी, एवं अमित पिता पुरन दास बागड़े निवासी खैरी को पुलिस ने धर दबोचा वही मौके से दो आरोपी फरार परमेश्वर बनिवार निवासी रामपायली और विशाल मस्खरे निवासी खैरलांजी जुए की फाड़ से नगद और ताश पत्ती जब तक किया गया पुलिस ने आरोपियों पर अप. क्रम.24/26 सार्वजनिक जुआ एक्ट धारा 13 में के तहत कार्यवाही की सराहनीय भूमिका विवेक ठाकरे,आर. आकाश अहिरवार,विष्णु जाट, दयानंद दोहरे , हेमराज कोकटे ने आरोपियों को धर दबोचा।

## आन-बान-शान के साथ पुलिस थाना किरनापुर में लहराया तिरंगा

### पुलिस थाना ने प्राथ.शाला सीतापार को लिया गोद

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** पुलिस थाना किरनापुर मे 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्हास के साथ मनाया गया। पुलिस थाना किरनापुर में थाना प्रभारी माधव शर्मा द्वारा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी माधव शर्मा ने समस्त पुलिस कर्मीयों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं प्रेषित करते हुये पुलिस जवानों से कहा की हमेशा कानून की रक्षा करें, पुलिस की सबसे अहम भूमिका होती है जिसे आप भली भांती जानते है अपने कर्तव्यो का निर्वहन आप सभी पूरी ईमानदारी के साथ करे। अंत में संपूर्ण महकमे को बधाई प्रेषित की इस दौरान सभी उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रआरक्षक, आरक्षक, महिला आरक्षक, हॉक फोर्स के अधिकारी समस्त स्टाफ, पुलिस थाना किरनापुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत मे सभी को स्वल्पाहार करवाया गया।



पुलिस थाना किरनापुर में गणतंत्र दिवस के आयोजन के पश्चात किरनापुर थाना प्रभारी माधव शर्मा अपने पुलिस बल के द्वारा क्षेत्र के अतिनक्सल प्रभावित ग्राम सीतापार पंहुचे जहां नन्हे मुन्ने बच्चो के साथ पुलिस महकमे के द्वारा 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। यह ध्वज फहराने के पश्चात राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत सहित देश भक्ति गीतों की प्रस्तुती बच्चो के द्वारा दी गई जो कि बेहद मनमोहक थी। उल्लेखनीय है कि किरनापुर पुलिस के द्वारा ग्राम सीतापार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला को गोद लिया गया है जिसके तहत वे शाला के कायाकल्प पर भी कार्य कर रहे है। कार्यक्रम के अंत में किरनापुर थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस बल के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को शिक्षा उपयोगी सामग्री प्रदान कर, मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। आप के द्वारा सभी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई इस दौरान ग्राम के गणमान्य जन, शिक्षक शिक्षिकाएँ सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ पत्रकार मदन मोहन पाराशर सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

### अनुपस्थित मिले 11 कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश

## कलेक्टर श्री मीना ने कलेक्ट्रेट में संचालित विभिन्न कार्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 29 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट भवन में लगने वाले विभिन्न विभागों कार्यालयों एवं शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 11 कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित नही पाये गए, जिस पर उनका 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना द्वारा 29 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे किये गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कार्यालयों की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। जिसमें जनजातीय कार्य विभाग की शीघ्र लेखक ग्रेड-2 श्रीमती सुनंदा कुम्भरे, मण्डल संयोजन सुश्री रीनल उइके, जिला पेंशन कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 सन्नी शिवहरे, रुपेश कुमार बुरडे, महिला एवं बाल विकास विभाग की एएसओ श्रीमती वंदना मेरावी, एडीईओ महेंद्र कडवेती, डीपीए श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव, भृत्य कन्हैयालाल बाहेश्वर, श्रम पदाधिकारी कार्यालय की सहायक ग्रेड-3 श्रीमती मानसी बघेल, कलेक्टर कार्यालय की सहायक ग्रेड-3 श्रीमती संगीता पाटिल एवं क्षेत्रीय सहायक विरेंद्र कुमार ब्रम्हे अनुपस्थित पाये गए। जिस पर इन कर्मचारियों का 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए है।

कलेक्टर श्री मीना ने जिला पंजीयक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जमीन की रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगो के बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगो के प्रवेश हेतु एक अलग से गेट बनाने के निर्देश दिये और कहा कि अगले 10 दिनों के भीतर यह व्यवस्था हो जाना चाहिए।

## हिन्दू सम्मेलन में हंगामाः विशेष वर्ग के 10 लोगों पर मामला दर्ज, बंद का समर्थन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामों में सकल हिन्दू समाज द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 27 जनवरी को लांजी क्षेत्र के ग्राम घोटी नंदोरा में देवी मंदिर के समीप देवी चौक में सकल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जहां प्रवक्ताओं के उद्बोधन के पश्चात ग्राम में सहभोज का आयोजन किया गया था, इसी भोज कार्यक्रम में एक विशेष वर्ग समुदाय के लोगो के द्वारा कार्यक्रम के बीच पंहुचकर हिन्दू समाज के लोगो के साथ गाली गलौच करते हुए शांति भंग करने का प्रयास किया गया तथा हिन्दू समाज को लेकर आपत्ति जनक टिप्पणी के भी आरोप इन विशेष वर्ग समुदाय पर लगे है जिसको लेकर हिन्दू समाज के लोग आक्रोशित हुये एवं रात्रि में पुलिस थाना लांजी पंहुचकर 10 लोगो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया गया साथ ही विरोध प्रदर्शन यही नही थमा दुसरे दिन 28 जनवरी को हिन्दू संगठन के द्वारा ग्राम घोटी नंदोरा में बंद का आव्हान किया गया जहां सभी ने सुबह से लेकर शाम तक अपनी दुकाने प्रतिष्ठाने बंद कर हिन्दू संगठन के द्वारा किये गये बंद का पूर्ण रूप से समर्थन किया गया।



**10 नाम जद लोगो के विरूद्ध दर्ज किया अपराध:** हिन्दू समाज के द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन में पंहुचकर आपत्तिजनक वार्तालाप करने, शांति भंग करने तथा कार्यक्रम के संबध अभद्र टिप्पणी करने, सामाजिक गणो से अभद्र व्यवहार करने को लेकर संगठन के सदस्य के द्वारा पुलिस थाना लांजी पंहुचकर संपूर्ण जानकारी दी गई जिस पर लांजी पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस संबध में प्रार्थी सामाजिक कार्यकर्ता निवासी घोटी के द्वारा रिपोर्ट लेख करते हुये बताया कि 27 जनवरी को हमारे ग्राम घोटी के देवीचौक में सकल हिन्दू समाज के द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें हिन्दू समाज के वक्ताओं के द्वारा उक्त कार्यक्रम में हिन्दू समाज को जागृत करने हेतू वक्तव्य दिये गये थे। उक्त कार्यक्रम में ग्राम वालेगांव, खुर्शीटोला, सुलसुली, नसकट्टा, नंदोरा, भानुटोला, पौसेरा, कड़ता, धारमारा के ग्रामीण जन उपस्थित हुये थे जो कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हो रहा था कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं के संबोधन के उपरांत शाम 5 बजे वापस चले गये थे। इसी दौरान महाप्रसादी भण्डारा का कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका था इसी बीच ग्राम घोटी के जाहिर हुसैन, आबिद उर्फ राजा हुसैन, सलमान बेग, आसिफ उर्फ कालू हुसैन, जावेद उर्फ बबलू हुसैन, सादिक हुसैन, अहफाज उर्फ कल्लू हुसैन, बबलू वायर मेन, समीनजंहा पति जाहिर हुसैन, खैरूननिशा यह सभी सम्मेलन स्थल पर एक मत होकर आये एवं उपद्रव करते हुये मुझसे तथा सम्मेलन में उपस्थित मेरे अन्य साथी गण व हिन्दू समाज के लोगो से ग्राम घोटी में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के आयोजन को लेकर गाली गलौच करने लगे। जो मुझे और मौके पर उपस्थित अन्य समाज जनों को सुनने एवं देखने में बुरी लगी तथा ये सभी लोग हिन्दू धर्म के संबध में आपत्ति जनक शब्दों को प्रयोग करने लगे एवं बोलने लगे की तुम लोग धर्म ठेकेदार बने हुये हो जो गांव में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर गांव का माहौल खराब कर रहे हो। इन लोगो के उक्त कार्य से मौके पर माहौल आक्रोशित हो गया। इस कथन के आधार पर लांजी पुलिस ने उक्त सभी आरोपी गण जिनमें जाहिर हुसैन, आबिद उर्फ राजा हुसैन, सलमान बेग, आसिफ उर्फ कालू हुसैन, जावेद उर्फ बबलू हुसैन, सादिक हुसैन, अहफाज उर्फ कल्लू हुसैन, बबलू वायर मेन, समीनजंहा पति जाहिर हुसैन, खैरूननिशा के विरूद्ध विभिन्न धारा जिनमें 296बी, 351-3, 299, 191-2 के तहत अपराध पंजीबंद्ध कर विवेचना में लिया गया है। वहीं 28 जनवरी को हिन्दू संगठन के द्वारा किये गये बंद के आव्हान में पुलिस व्यवस्था भी नजर आये, सभी चौक चौराहो पर पुलिस बंदोबस्त किया गया था ताकि अन्य किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाऐं घटित ना हो सके। पुलिस व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण रूप से बंद सफल रहा।

ग्राम घोटी नंदोरा सहित आस पास के विभिन्न ग्रामो के ग्रामीण जन हिन्दू संगठन के द्वारा 28 जनवरी को जहां बंद का आव्हान किया गया था जिसका पूरा समर्थन ग्रामीण जनों ने किया वहीं संगठन के द्वारा सभी ग्रामो में हिन्दू जागरण वाहन रैली का आयोजन कर दोपहर काल में एसडीएम कार्यालय लांजी पंहुचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम एक मांग पत्र ज्ञापन सौंपा गया है जिनमें विभिन्न बिन्दु अंकित है। अतिशिघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु भी निवेदन किया गया है।

# अधूरी पेयजल योजना भुगतान हो गया पूरा

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत तिरोड़ी में पेयजल योजना के आधे-अधूरे निर्माण कार्यों को कागजों में पूरा बताकर कथित तौर पर आर्थिक लाभ अर्जित किया गया है। जिससे सरकारी पैसों का दुरुपयोग हुआ है। भ्रष्टाचार के इस पूरे खेल में पंचायत के सरपंच-सचिव से लेकर उपयंत्री और ठेकेदारों की मिलीभगत है। इस संबंध में तिरोड़ी निवासी बुद्धरत्न रावत ने मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ, कलेक्टर कार्यालय में शिकायत की है। वहीं मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन और मिशन निदेशक जल जीवन मिशन दिल्ली कार्यालय से शिकायत करते हुए पत्र व्यवहार किया है। इस पूरे मामले में पूर्व सरपंच आनंद बरमैया ने भी शिकायकर्ता की शिकायत को सहीं बताया है। कथित भ्रष्टाचार का यह मामला मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना और केंद्र सरकार की अति महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन हर घर नल जल योजना से जुड़ा हुआ है। करीब 10 हजार की आबादी वाली ग्राम पंचायत तिरोड़ी में इन दो अलग-अलग पेयजल योजनाओं पर करीब 08 करोड़ रुपए की सरकारी राशि खर्च हुई है। योजनाओं से जुड़े निर्माण कार्य आज भी अधूरे ही पड़े है किंतु पंचायत ने नियमों की अनदेखी करते हुए कार्य पूर्णत प्रमाण पत्र जारी कर दिए। विभाग ने ठेकेदार को भुगतान कर दिया हैं और फिर इन पेयजल योजनाओं को पंचायत ने अपने अधीन ले लिया है। जिसकी मरम्मत पर अब पंचायत अलग से पैसा खर्च कर रही है। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों से मामले की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।



**ब्रिज निर्माण अधूरा :** सबसे पहले तिरोड़ी की मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना के बारे में जान लीजिए। करीब 14 साल पहले वर्ष 2011-12 में 5 करोड़ 29 लाख रुपए की इस योजना को प्रशासकीय स्वीकृति मिली। बावनथड़ी नदी से तिरोड़ी तक पानी लाने के लिए नदी के बीच में एक कुआं बनाया गया। बम्हनी में ट्रीटमेंट प्लांट बना। गांव में पाइप लाइन का विस्तार किया गया किंतु निम्न क्वालिटी का कार्य होने के कारण टेस्टिंग में ही पाइप लाइन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। तिरोड़ी के कई हिस्सों में पानी नहीं पहुंच पाया। उधर, बम्हनी में बावनथड़ी नदी के बीच बने कुंए तक पहुंचने के लिए बनाई गई आरसीसी इंफिलट्रेशन वेल यानी ब्रिज नदी में आई बाढ़ में बह गया। जिसके बाद आज तक इस ब्रिज का निर्माण नहीं हो पाया। जबकि यह इस योजना का अभिन्न हिस्सा है। इस ब्रिज के बिना योजना का संचालन करने में कई तरह की अड़चने आ सकती है। पूर्व सरपंच आनंद बरमैया के मुताबिक ठेकेदार उन्हें इस अधूरे निर्माण का कार्य पूर्णत प्रमाण पत्र जारी करने के लिए लगातार लालच दे रहा था परंतु उन्होंने अपने कार्यकाल में पूर्णत प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। अब मौजूदा सरपंच ने इस अधूरे योजना को पूर्ण बताकर ठेकेदार को कार्य पूर्णत प्रमाण पत्र जारी कर दिया। इसी आधार पर ठेकेदार को भुगतान भी हो गया। अब बात 3 करोड़ 33 लाख 34 हजार रूपए की लागत की जल जीवन मिशन हर घर नल जल योजना की कर लेते है। इस योजना के तहत ठेकेदार ने निम्न स्तरीय कार्य किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक पाइप लाइन का विस्तार करने में लापरवाही बरती गई है कई जगह पर 1 मीटर की गहराई की नाली तक नहीं खोदी गई और पाइप लाइन का विस्तार करने के लिए खोदी गई सड़क और नाली आज भी क्षतिग्रस्त है। जिसकी ठेकेदार के द्वारा मरम्मत नहीं की गई है। नल कनेक्शन के नाम पर केवल घरों के सामने पाईप लाइन का विस्तार हुआ है। सीमेंट के चबूतरे लावारिस हालत में जहां-तहां पड़े है।

**पंचायत कर रही वहनः** ग्राम पंचायत तिरोड़ी ने मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना को पहले तो पंचायत के अधीन ले लिया और अब इस योजना के मेंटनेस पर पैसा खर्च किया जा रहा है। कुछ ऐसा ही हाल जल जीवन मिशन हर घर नल जल योजना का भी है। यह योजना कागजों में पूर्ण हो चुकी है और गांव में प्रत्येक परिवार को उचित दबाव और मात्रा के साथ नियमित जल प्रदाय हो रहा है लेकिन हकीकत तो तिरोड़ी की जनता ही बता रही है कि उन्हें कितने दिनों में और कितनी मात्रा में पानी मिल रहा है। पंचायत ने एक प्रमाण पत्र जारी किया है। इस पत्र के मुताबिक ग्राम एवं जल स्वच्छता समिति ने इसकी पुष्टि की है। ठेकेदार ने हर घर नल जल योजना के तहत घरों को नल कनेक्शन भी दिए हैं, लेकिन ग्रामीणों को आज भी पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। अभी तक सभी लाभार्थियों तक पानी की सप्लाई नहीं पहुंची है। बीते दिनों जिला पंचायत से एक अन्य शिकायत की जांच में पहुंचे अधिकारियों के सामने सरपंच ने कबूल किया था कि उन्होंने बिना ब्रिज निर्माण कार्य के ही कार्य पूर्णत प्रमाण पत्र जारी कर दिया था।

**इनका कहना है**

अगर योजना अधूरी थी तो पंचायत को योजना अपने अधीन लेनी ही नहीं थी। शिकायतकर्ता ने हमसे आरटीआई में जो जानकारी मांगी है वह सोमवार को उन्हें उपलब्ध करा दी जाएगी।

**जितेन्द्र कुमार कालमेघे**
**एसडीओ पीएचई विभाग**

## वारासिवनी एसडीएम श्री जायसवाल ने लोहारा, रटेगांव, भजियादण्ड एवं पांजरा की शालाओं का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।**

वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने 29 जनवरी को लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत खमरियॉ संकुल की शासकीय प्राथमिक शाला लोहारा, रटेगांव एवं खैरलांजी विकासखंड के अंतर्गत भजियादण्ड एवं पांजरा की शालाओं का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने शालाओं में बच्चों को दिये जा रहे मध्यान्ह भोजन, शाला में शिक्षकों की उपस्थिति, स्वच्छता आदि का भी निरीक्षण किया। एसडीएम श्री जायसवाल ने इस दौरान निर्देशित किया कि मध्यान्ह भोजन निर्धारित मैन्यू के अनुसार दिया जाए और भोजन तैयार करने में साफ-सफाई एवं स्वच्छता का ध्यान रखा जाए। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वह समय पर शाला में उपस्थित रहें। शाला में प्रवेश के समय एवं शाला छोडते समय हमारे शिक्षक एप्प पर अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराए। उन्होंने शालाओं के शौचालयों की व्यवस्था को भी दुरुस्त बनाये रखने एवं उसमें स्वच्छता का ध्यान रखने कहा।




एसडीएम श्री जायसवाल ने शालाओं के निरीक्षण के दौरान बच्चों से उनकी पढाई को लेकर चर्चा की और परीक्षा में सफल होने के लिए कडी मेहनत करने कहा। इस दौरान उन्होंने जीर्ण-शीर्ण शाला भवनों में आवश्यक सुधार के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंचों से भी चर्चा की और कहा कि इसके लिए जनसहयोग से भी राशि एकत्रित की जाए।

## महिला के साथ अभद्रता करने वाले यूट्यूबर राजा लिल्हारे के खिलाफ खैरलांजी थाने में मामला पंजीबद्ध

### इसके पूर्व भी कई मामले हो चुके है दर्ज

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी अंतर्गत ग्राम भौरगढ़ निवासी बैयवंता बाई पति नंदलाल डोहरे 55 साल की शिकायत पर खैरलॉजी पुलिस द्वारा भौरगढ़ निवासी यूट्यूबर राजा लिल्हारे व दीपक डोहरे के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 बी, 115(2), 351 (2),(3), (5), 399 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।



विदित हो कि खैरलॉजी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भौरगढ़ की 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती बैयवंता बाई पति नन्दलाल डोहरे के अनुसार वह और उनका परिवार बीते आठ माह से भौरगढ़ निवासी राजा लिल्हारे नामक यूट्यूबर से प्रताड़ित है। पीड़ित महिला बैयवंताबाई और उनके पुत्र ने बताया कि उनके मकान की छत ढलाई कार्य के दौरान दीपक डोहरे नामक व्यक्ति ने अपने पाईप से पानी डालकर जगह-जगह गड्ढे बना दिए थे। जिसके कारण उनके मकान के अंदर पानी का रिसाव होने लगा। जिससे प्रताड़ित महिला ने उक्त युवक को समझाया, लेकिन उक्त युवक ने पीड़ित महिला को अपशब्द कहकर अपमानित किया और पीड़ित महिला के साथ मारपीट भी की।

इस घटना के दौरान भौरगढ़ निवासी यूट्यूबर राजा लिल्हारे ने दीपक डोहरे के पक्ष में आकर उसको बढ़ावा देते हुए कहा कि वह कलेक्टर, एस पी को सम्भाल लेगा। इस महिला को जहॉं तक शिकायत करने जाना हैं, वहॉं तक जाने दो। अगर इसने ज्यादा शिकायत की, तो मै इनका विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दूँगा। पीड़ित महिला के अनुसार उनके द्वारा पुलिस थाना खैरलॉजी में रिपोर्ट दर्ज करने जाने पर उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। तब उनके द्वारा सी एम हेल्प लाईन 181 में शिकायत की गई और साथ ही पूर्व में इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत पुलिस अधीक्षक बालाघाट व डी जी पी भोपाल को भी की गई।

लेकिन जब कहीं से भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो पीड़ित महिला बैयवंता बाई न्यायालय की शरण में चली गई और उनके द्वारा अपने साथ घटित मामले का परिवाद पेश किया गया। क्योंकि सी एम हेल्पलाईन 181 पर की गई शिकायत को भी पुलिस वाले बन्द करने के लिए डराने धमकाने लगे थे। इसके साथ ही उन्होंने 27 जनवरी को कलेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई में और पुलिस अधीक्षक बालाघाट से व्यक्तिगत भेंट कर एक बार फिर से शिकायत की।

जिस पर पुलिस अधीक्षक बालाघाट ने पीड़ित महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस थाना खैरलॉजी के अधिकारियों को यूट्यूबर राजा लिल्हारे के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के आदेश दिए। जिसके बाद 27 जनवरी को खैरलॉजी पुलिस ने राजा लिल्हारे के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

यहॉं उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी यूट्यूबर राजा लिल्हारे के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में विभिन्न मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध किये जा चुके है। गत दिसम्बर 25 में जिला खनिज अधिकारी फरहत जहॉं ने बालाघाट कोतवाली पुलिस थाने में यूट्यूबर राजा लिल्हारे द्वारा एक विडियो सोशल मीडिया पर जारी कर खनिज अधिकारी फरहत जहॉं पर दंगा करवाने का आरोप लगाया था और रेत चोरी के मामले में आरोप लगाते हुए कहा था कि रेत चोरी का विडियो बनाने वाले को रेत चोरों से ढूँढवा रही है और वह रेत चोरों से मिलकर नदियों को बरबाद करना चाहती है। इस विडियो को दो वर्गो के बीच संघर्ष पैदा करने कीनीयत से अपलोड करने का आरोप खनिज अधिकारी फरहत जहॉं ने लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने राजा लिल्हारे के खिलाफ धारा 353(1)(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।